अति आवश्यक

संख्याः— 1911 /अनुभाग—7—290 / वर्षा/2016—17

प्रेषक,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उत्तराखण्ड देहरादून,

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी
उत्तराखण्ड।

राजस्व परिषद (कृ0सां0) देहरादून, दिनाँकः 06 जुलाई, 2016

विषयः— मासिक (दैनिक विवरण सहित) वर्षा के आंकड़ों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या—2183/अनुभाग—7/वर्षा/2014—15 दिनांकः 07 जुलाई, 2015 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा नियमित रूप से दैनिक, साप्ताहिक एवं मासिक वर्षा के तहसीलवार रेनगेज स्टेशनवार आंकड़े उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। जैसा कि विदित है कि वर्तमान समय में मानसून सत्र (15 जून से 15 सितम्बर तक) चल रहा है, परन्तु अधिकतर जनपदों द्वारा दैनिक वर्षा के आकड़े इस कार्यालय एवं सम्बन्धित को उपलब्ध नहीं कराये जा रहे हैं। समस्त जनपदों से प्राप्त वर्षा के नियमित आकड़े बाढ़/ सूखा तथा अन्य योजनाओं के लिए रिपोर्ट तैयार करने के लिए अतिआवश्यक हैं।

अतः अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी को निर्देशित करें कि मानसून सत्र में दैनिक वर्षा के आकड़े फैक्स नम्बर **0135—2669384**/Email-**crcagriculture@gmail.com** पर एवं हर माह के अन्त में तिथिवार दैनिक वर्षा के आकड़े अनिवार्य रूप से इस कार्यालय व सम्बन्धित कार्यालयों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(विजय कुमार ढौंडियाल)
आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,उत्तराखण्ड,
देहरादून।